संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक: बालोद बना ओवरऑल चैंपियन

चर्चा में क्यों?

- 17 सितंबर, 2023 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में बालोद ज़िला ओवरऑल चैंपियन बना है।

प्रमुख बिंदु

- दुर्ग संभाग के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरई में आयोजित संभाग स्तरीय ओलंपिक के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में बालोद ज़िले के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन से ओवर आल चैंपियन का खिताब अर्जित किया।
- बालोद के अलग-अलग आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सर्वाधिक 38 गोल्ड मैडल प्राप्त किये।
- प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के अंतर्गत 0-18 वर्ष तक के आयु वर्ग के विभिन्न खेलों में पिठ्ठूल, संखली, गेडी दौड़, 100 मीटर दौड़, लंबी कूद तथा कुश्ती 50 किग्रा. वर्ग के अंतर्गत खेले गए मैच में बालोद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसी तरह खो-खो और रस्साकशी में द्वितीय स्थान तथा गिल्ली डंडा के अलावा कुश्ती प्रतियोगिता के अंतर्गत 51-60 किग्रा. वर्ग, 61-70 किग्रा. वर्ग, 71-80 किग्रा. वर्ग एवं 80 किग्रा. वर्ग के मैच में बालोद ज़िले को तृतीय स्थान मिला है।
- महिला वर्ग के अंतर्गत 0- से 18 वर्ष के आयु वर्ग के पिठ्ठूल, फुगड़ी, लंबी कूद, रस्सी कूद तथा कुश्ती प्रतियोगिता के अंतर्गत 40-50 किग्रा., 61-70 किग्रा. तथा 40 किग्रा. वर्ग में बालोद को प्रथम स्थान तथा 51-60 किग्रा. एवं 70 किग्रा. वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अलावा खो-खो और 100 मीटर दौड़ में बालोद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/division-level-chhattisgarhiya-olympics-balod-becomes-overall-champion